यूपी सरकार राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी करने की तैयारी में, हजारों युवाओं को मिलेगा रोजगार

1.70 लाख करोड़ के 10 मेगा प्रोजेक्ट शुरू होंगे

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT

लखनऊ, विशेष संवादाता। यूपी में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी के जरिए 1.70 लाख करोड़ रुपये के 10 मेगा परियोजनाओं को जमीन पर उतारने की तैयारी है। इनके जरिए हजारों लोगों को पश्चिमी यूपी से लेकर बुंदेलखंड तक रोजगार का रास्ता खुलेगा। योगी सरकार का सबसे ज्यादा फोकस इन बड़ी परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने पर है। इसमें नोएडा 4300 करोड़ के बड़े निवेश से हाईपर रिटेल मार्ट खुलने जा रहा है। इसके लिए पर्यावरणीय एनओसी मिलने के बाद निर्माण भी शुरू हो गया है।

औद्योगिक विकास विभाग के सूत्रों के मुताबिक, इनमें ज्यादातर परियोजनाओं के लिए जमीन का इंतजाम हो गया है। नोएडा में बहुत कम समय में डेटा सेंटर परियोजना चालू करने वाली कंपनी अब इसी क्षेत्र में दूसरा डेटा सेंटर खोलने की तैयारी है। यमुना अथारिटी ने उन्हें जमीन के दूसरे विकल्प दिए हैं। बिजली परियोजनाओं के लिए राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने अपनी मंजूरी दे दी है जबकि सोनभद्र में लूप पंप विद्युत परियोजना के लिए उपयुक्त जमीन तलाशी जा रही है। नोएडा में ही 52 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में रियल इस्टेट परियोजना के लिए जमीन के साथ-साथ रेरा की अनुमति भी मिल गई है।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद **ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी संभव :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल में निवेश प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को कुल 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य दिया है। इसमें से दस लाख करोड़ के प्रोजेक्ट लगने को तैयार हो गए हैं। माना जा रहा है कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर के शुभारंभ के बाद सरकार निवेश मेगा इवेंट कराने पर फोकस करेगी। इसके लिए फरवरी का समय निवेशकों के लिए उपयुक्त रहता है क्योंकि उस समय मौसम उनके लिए उपयुक्त रहता है। चूंकि लोकसभा चुनाव मार्च अप्रैल में होने के आसार हैं। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समय लेकर इसे चुनाव से पहले कराया जा सकता है। अगर फरवरी में यह आयोजन नहीं हो पाया तो फिर यह जून जुलाई में ही संभव हो पाएगा।

प्रमुख मेगा प्रोजेक्ट की स्थिति (लागत-करोड़ रुपये में)

कंपनी	परियोजना	लागत	जिला
एनआईडीपी हीरानंदानी	डाटा सेंटर पार्क	30000	गौतमबुद्धनगर
एनटीपीसी	2 गुणे 800 मेगावाट ओबरा डी तापीय विद्युत संयंत्र व अन्य परियोजना	27985	सोनभद्र व झांसी
ग्रीनको	ऑफ स्ट्रीम क्लोज लूप पंप स्टोरेज परियोजना 3660 मेगावाट	17181	सोनभद्र
सिफी इनफिनिट	नोएडा सेक्टर 132 में डेटा सेंटर स्पेस	80000	गौतमबुद्धनगर
एम3एम इंडिया	रियल इस्टेट परियोजना	7500	गौतमबुद्धनगर
टस्को लिमिटेड	1000 मेगावाट माताटीला फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट	6500	ललितपुर
बुंदेलखंड सौर ऊर्जा	1200 मेगावाट का सोलर पावर पार्क	6000	जालौन
एसीएमई क्लीनटेक	लूप पंप स्टोरेज विद्युत परियोजना	6000	प्रयागराज व मिर्जापुर
इंका आइकिया	हाईपर रिटेल मार्ट	4300	गौतमबुद्धनगर
टाटा टेक्नालॉजीज	150 राजकीय आईआईटी कालेज का अपग्रेडेशन	4174	विभिन्न जिलों में

15
लाख करोड़ निवेश का लक्ष्य सभी विभागों को दिया

22
जनवरी के बाद ग्राउंड ब्रेकिंग की चल रही तैयारी

जेवर एयरपोर्ट सितंबर 2024 तक तैयार करें: मुख्य सचिव

लखनऊ, विशेष संवाददता। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा है कि जेवर एयरपोर्ट का विकास माइलस्टोन के अनुसार अगले साल सितंबर तक पूरा करा लिया जाए। जेवर में निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट में टर्मिनल बिल्डिंग, एटीसी और रनवे का कार्य तेजी से चल रहा है। मशीनरी और वर्क फ़ोर्स एयरपोर्ट साईट पर बढ़ाया गया है।

मुख्य सचिव ने शुक्रवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट साइट पर हुई आर्डिनेशन कमेटी की बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफ़ील्ड एयरपोर्ट जेवर के विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि कंसेशनयर सभी विभागों की आवश्यकता और प्रचलित नियमों के अनुसार कार्रवाई करें और समस्या का समय से निस्तारण कराएं।

लखनऊ के सिविल सहित सात अस्पतालों का होगा कायाकल्प

लखनऊ। प्रदेश के सात सरकारी अस्पतालों का कायाकल्प करने की तैयारी है। इनमें राजधानी का डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) और लोकबंधु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय भी शामिल है। शासन ने इसके लिए 10 करोड़ 16 लाख 1 हजार 862 रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस राशि से जहां गाजीपुर के मोहम्मदाबाद, कौशांबी के नर्सिंगपुर कछुआ और औरैया के भगौतीपुर के नवनिर्मित ट्रामा सेंटर को उपकरणों से सुसज्जित किया जाएगा। वहीं अन्य अस्पतालों को अपग्रेड किया जाएगा ताकि मरीजों को और सुविधाएं दी जा सकें।